**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 26.03.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **राजस्थान दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के तहत बीकानेर में किसान सम्मेलन का आयोजन–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों के कल्याण के लिए कई घोषणाएं कीं।**
- **राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गाय, किसान और प्रकृति संरक्षण के लिए सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।**
- **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद को संबोधित किया–कहा–युवाओं के मजबूत कंधो पर राष्ट्र का भविष्य।**
- **राज्य में गर्मी के असर में लगातार बढ़ोतरी–अगले 48 घंटों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ इलाकों में मौसम में बदलाव की संभावना।**

000

राजस्थान दिवस के उपलक्ष में हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के तहत आज बीकानेर में किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों के कल्याण के लिए कई घोषणाएं कीं। इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में राशि बढोतरी और मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम शामिल हैं। इसके साथ ही मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा बढाना और पशुधन स्वास्थ्य के लिए निशुल्क औषधियों और टीकों की संख्या 138 से बढाकर 200 करने की घोषणा भी की गई। ऑर्गेनिक खेती को बढावा देने के लिए बैल से खेती प्रोत्साहन योजना सहित पॉली हाउस, सौर पम्प, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण और मधुमक्खी पालन से जुडी 12 अन्य योजनाएं भी शुरू की गयी हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रूपये की अनुदान राशि हस्तान्तरित की। श्री शर्मा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी किसानों को सहायता राशि के चैक भी वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानों के सर्वांगीण कल्याण के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं बनाकर उन्हें लागू कर रही है।

.............

इस राज्य स्तरीय समारोह का विभिन्न जिलों में आयोजित जिला स्तरीय किसान सम्मेलनों में सजीव प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आमजन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इससे पहले किसान उत्पादक संगठन एफपीओ मेले और प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। उन्होंने विभिन्न जिलों के किसानों से वर्चुअल संवाद किया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल भरतपुर में गरीब और अंत्योदय समारोह रखा गया है। 28 मार्च को भीलवाडा में सुशासन समारोह और 29 मार्च को कोटा में युवा और रोजगार उत्सव आयोजित होगा। राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को जयपुर में भव्य समारोह और 31 मार्च को निवेश उत्सव रखा गया है।

राजस्थान दिवस महोत्सव की श्रंखला में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव कल से शुरू हुआ। मुख्यमंत्री आज इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। इसमें राजीविका क्राफ्ट मेला और फूड उत्सव आयोजित किया जा रहा है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गाय के गोबर का खाद के रूप में उपयोग कर रसायन मुक्त कृषि पद्धति को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। आज जयपुर में राष्ट्रीय किसान और गोपालक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने राजस्थान में उपलब्ध देशी गाय के दूध को महत्वपूर्ण बताया और गौ धन संरक्षण के लिए गौ शालाओं और अन्य कार्यों की सराहना की। श्री बागडे ने अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् की ओर आयोजित इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वदेशी तकनीकों को प्रोत्साहन देने, किसानों के उत्पादों के प्रमाणन और ब्रांडिंग के लिए भी काम करने का आह्वान किया। उन्होंने गाय, किसान और प्रकृति संरक्षण के लिए सभी से मिलकर काम करने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल आज बीकानेर में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और डिग्रीयां प्रदान कीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा से विकास की राहें खुलती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सीखे हुए ज्ञान का उपयोग भावी जीवन के निर्माण, समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए करें।

000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत आज पाली के एक दिन के दौरे पर रहे। उन्होंने सर्किट हाउस में जन सुनवाई कर लोगों की समस्याएं जानीं और अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिये। श्री कुमावत ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राज्य सरकार पशुओं के कल्याण के लिए प्रयासरत है। पशुपालकों के लिए गोपालक कार्ड योजना भी चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से उन्हें बिना ब्याज के एक लाख रुपये तक का

ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग ने राज्य में सेक्स सोर्टेड सीमन की प्रयोगशाला शुरू कर दी है। इससे दुधारु पशुओं की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी होगी।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज झुंझुनूं के दौरे पर रहीं। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उदयपुरवाटी से शाकंभरी तक जाने वाली रोड की मांग रखी। उपमुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर सड़क बनाने की घोषणा की और कहा कि इस बारे में जल्दी ही प्रस्ताव भेजा जाएगा।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि युवाओं के मजबूत कंधो पर राष्ट्र का भविष्य है। आज विधानसभा में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का युवा ही सच्चा भारत है। श्री देवनानी ने कहा कि भारत का संविधान देश की शक्तियों का केन्द्र है। इसकी रक्षा करना सभी का दायित्व है। उन्होंने विकसित भारत के लिए संविधान के अनुकूल ही चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में हुए युवा संसद कार्यक्रम में चुने गये 140 प्रतिभागियों ने राज्य स्तरीय युवा संसद में अपने विचार साझा किये। इसमें चुने जाने वाले तीन उत्कृष्ट प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा।

000

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की रिपोर्ट के बाद एक हजार 410 गेमिंग साइटों को ब्लॉक कर दिया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि सट्टेबाजी और जुआ राज्य सूची का हिस्सा हैं और राज्य सरकार के पास इसके लिए विधायी ढांचा बनाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में कई कदम उठाए हैं।

000

निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में पहली बार एक लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों–बी.एल.ओ. के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में आयोजित दो दिन के इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक लाख से अधिक बीएलओ को प्रशिक्षित किया जाएगा।

000

प्रदेश में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में दिन का पारा 40 डिग्री के पार या इसके आस–पास रिकॉर्ड किया जा रहा है। बाडमेर में पिछले तीन–चार दिन से अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इससे ऊपर दर्ज किया जा रहा है। वहीं पूर्वी राजस्थान में पिलानी और चित्तौडगढ सबसे गर्म शहर रहे। मौसम विभाग के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से जोधपुर और बीकानेर संभाग में आगामी 48 घंटो के दौरान अपेक्षाकृत तेज सतही हवाएं चलने और आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। आगामी एक सप्ताह के दौरान अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा।

000

खेलो इंडिया और खेलो राजस्थान के तहत प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से 65वें केंद्रीय आवासीय खेल प्रशिक्षण शिविर सिरोही जिले के माउंट आबू और जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में अगले महीने से शुरू होंगे। इन शिविरों में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों से आवेदन मांगे गए हैं। झुंझुनूं के जिला खेल अधिकारी राजेश ओला ने बताया कि इन कैंपों में खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षक ट्रेनिंग देंगे। दोनों स्थानों पर करीब तीन हफ्तों के लिए कैंप लगाए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तारीख 25 अप्रेल है। इसके बाद खिलाड़ियों का चयन कर उनके नाम राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद को भेजे जाएंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ये सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से ऑन–लाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक दिये जा सकते है।

000